प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 मंगलवार दिनांक 19.11.2024

मुख्य समाचारः–

- सीबीआई द्वारा भर्ती घोटाला मामले में गिरफ्तार पीएससी के पूर्व अध्यक्ष और उद्योगपति को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया–कोर्ट ने दोनों आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपा।
- सीबीआई ने भुवनेश्वर रेलमंडल के डीआरएम को जगदलपुर के ठेकेदार से पच्चीस लाख रूपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया।
- केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज 'हमारा शौचालयः हमारा सम्मान' अभियान की शुरूआत की।
- कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड के लिए चुना गया है।

<u>पीएससी घोटाला</u>

सीबीआई द्वारा राज्य लोक सेवा आयोग–पीएससी भर्ती घोटाले मामले में गिरफ्तार तत्कालीन चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और उद्योगपति श्रवण कुमार गोयल को आज रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। विशेष कोर्ट के न्यायाधीश लीलाधर यादव ने दोनों आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया है।

सीबीआई द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन दोनों की गिरफ्तारी पीएससी भर्ती परीक्षा में चयन के लिए पैंतालीस लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में हुई है।

<u>जल शक्ति अभियान</u>

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय ने विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर आज 'हमारा शौचालयः हमारा सम्मान' नामक तीन सप्ताह तक चलने वाला अभियान शुरू किया। इस अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के बुनियादी ढांचे में सुधार, व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना और देशभर में शौचालयों की कार्यक्षमता तथा रखरखाव को बढ़ाकर सामुदायिक गौरव को मजबूत करना है। अभियान के दौरान प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी और नागरिकों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपनी स्वच्छता सफलता की कहानियां साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसका समापन अगले महीने की दस तारीख को होगा, जिसे राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है।

छत्तीसगढ़ में भी इस अभियान की शुरूआत हो गई है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेन्स के माध्यम से हमारा शौचालय–हमारा सम्मान अभियान का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ जल्द ही ओडीएफ प्लस में मॉडल स्टेट बनेगा।

डीआरएम रिश्वत–गिरफ्तार

सीबीआई ने भुवनेश्वर रेलमंडल के डीआरएम सौरभ प्रसाद को मुंबई में पच्चीस लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया है। इसी मामले में दो अन्य लोगों को भी पकड़ा गया है। यह मामला छत्तीसगढ़ की बस्तर रेललाईन परियोजना से जुड़ा है। आरोप है कि हाल ही में सौरभ प्रसाद जगदलपुर आए थे। इस दौरान उन्होंने वहां रेलवे का काम कर रहे ठेकेदार डीएन मार्केटिंग और पुणे स्थित एचआरके सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के रूके हुए बिल का भुगतान करने के एवज में पच्चीस लाख रूपये की रिश्वत मांगी थी। सौरभ प्रसाद, भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा के उन्नीस सौ इंक्यानवे बैच के अधिकारी हैं।

अरूण साव–बीजापुर

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज बीजापुर जिले के प्रवास के दौरान सड़क, पुल निर्माण और जल जीवन मिशन के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नेलसनार से गंगालूर मार्ग निर्माण की गुणवत्ता और फूंडरी इंद्रावती ब्रिज निर्माण में देरी को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने इंद्रावती नदी पर बीजापुर से अबूझमाड़ होते हुए नारायणपुर को जोड़ने वाले निर्माणधीन पुल का कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने भैरमगढ़

के एकलव्य आदर्श विद्यालय में छात्रों से मुलाकात की। श्री साव ने गारमेंट फैक्ट्री और ज्ञानगुडी का भी निरीक्षण किया। साथ ही बीजापुर में चल रहे बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया।

अपने प्रवास के दौरान श्री साव ने फुंडरी कैम्प में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के जवानों से भी मुलाकात की।

मुख्यमंत्री–बस्तर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने बस्तर प्रवास के दौरान कल रात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ के सेडवा कैंप में जवानों से मुलाकात कर इसी कैम्प में रात्रि विश्राम किया। मुख्यमंत्री के सीआरपीएफ कैंप पहुंचने पर जवानों ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार छब्बीस तक बस्तर से माओवाद को खत्म करने का संकल्प लिया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री ने सीआरपीएफ बस्तरिया बटालियन के परिसर में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत नीम का पौधा लगाया।

मुख्यमंत्री आज परिवार के साथ दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचे और पूजा–अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि तथा खुशहाली की कामना की।

कांकेर–मत्स्य पालन अवॉर्ड

कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। जिले को यह अवॉर्ड केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी और पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह इक्कीस नवंबर को विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कांकेर जिले का चयन बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड के लिए होने पर प्रसन्नता जताई है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने कांकेर सहित राज्य के सभी मत्स्य किसानों और मछलीपालन विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राष्ट्रीय ज्ञान कार्यशाला–तोखन साहू

उत्तरप्रदेश के लखनऊ में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय ज्ञान कार्यशाला में केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के राज्यमंत्री तोखन साहू शामिल हुए। यह कार्यशाला 'शहरी क्षेत्रों में सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता को आगे बढ़ाना' विषय पर आयोजित की जा रही है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि चार हजार से ज्यादा शहरों को ओडीएफ प्लस का दर्जा मिला है। जबकि, पंद्रह सौ से अधिक शहरों को ओडीएफ प्लस–प्लस का दर्जा प्राप्त हुआ है। इस दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने सभी राज्यों से इस स्वच्छता अभियान में शामिल होने और शौचालयों को स्वच्छ, सुरक्षित तथा आम जनता के लिए सुलभ बनाने का आव्हान किया।

गुरू घासीदास तमोर पिंगला–टाईगर रिजर्व

बाघों के संरक्षण और संवर्धन के लिए छत्तीसगढ़ के गुरु घासीदास तमोर पिंगला को छप्पनवें टाइगर रिजर्व के रूप में अधिसूचित किया गया है। यह टाइगर रिजर्व दो हजार आठ सौ उनतीस वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है।

राज्य सरकार ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण–एनटीसीए की सलाह पर मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, कोरिया, सूरजपुर और बलरामपुर जिलों में गुरु घासीदास–तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व को अधिसूचित किया है। इस टाइगर रिजर्व में दो हजार उनचास वर्ग किलोमीटर का कोर टाइगर हैबिटेट है, जिसमें गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। इसका बफर क्षेत्र सात सौ अस्सी वर्ग किलोमीटर का है। यह इसे देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व बनाता है।

जीआरपी–गांजा तस्करी

गांजे की तस्करी में शासकीय रेल पुलिस–जीआरपी के जवानों की संलिप्तता पाए जाने पर इस पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा ने बिलासपुर एसपी रजनेश सिंह को जांच का जिम्मा सौंपा है। इस मामले में चार जवानों को गिरफ्तार किया गया है। जांच में इन जवानों के

पैंतालीस बेनामी खाते भी पाए गए थे। इन खातों के जरिये करीब पंद्रह करोड़ रूपये के लेनदेन का पता चला है।

माओवादी आत्मसमर्पण

नारायणपुर जिले में एक महिला माओवादी ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। यह माओवादी बीते चार वर्षों के दौरान परतापुर एरिया मेढ़की एलओएस पार्टी सदस्य के रूप में सक्रिय थी। इस महिला माओवादी पर सोनपुर, छोटेबेठिया और कोयलीबेड़ा क्षेत्र में हुई विभिन्न माओवादी गतिविधियों में शामिल रहने का आरोप है। आत्मसमर्पण करने वाली महिला माओवादी को राज्य सरकार की पुनर्वास नीति के तहत पच्चीस हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

सक्ती–ठगी

सक्ती जिले में एक युवती से भिलाई स्टील प्लांट में नौकरी लगाने के नाम पर करीब पंद्रह लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी पति–पत्नी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने इस युवती से भिलाई स्टील प्लांट में असिस्टेंट एचआर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अलग–अलग किस्तों में पंद्रह लाख रुपये ले लिए। इसके साथ ही उसे फर्जी जॉइनिंग लेटर भी दिया था। एक साल तक नौकरी नहीं लगने पर जब पीड़ित ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने करीब चार लाख रुपये ही वापस किए, लेकिन बाकी रुपये नहीं लौटाए।

मौसम

प्रदेश में उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन लगातार जारी है। मौसम विभाग के अनुसार इन हवाओं के असर से प्रदेश के न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट बने रहने की संभावना है।

संक्षिप्त समाचार

- राज्य सरकार ने गृह विभाग के सलाहकार बोर्ड का पुनर्गठन कर दिया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के न्यायाधीश नरेंद्र कुमार व्यास को बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस बोर्ड में दो सेवानिवृत्त न्यायाधीशों – नवल किशोर अग्रवाल और विमला सिंह कपूर को सदस्य बनाया गया है।
- भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें नमन किया है।
- पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर आज छत्तीसगढ़  विधानसभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में उनके तैलचित्र पर नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने श्रद्धासुमन अर्पित किया।

<><><><><><><><><>